फा. सं. 3/2/2017-नी.एवं. यो.।

भारत सरकार

कर्मचारी चयन आयोग

ब्लॉक सं.12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर, लोधी रोड,नई दिल्ली-110 003

महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय सशस् पुलिस बलों, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन(सामान्य ड्यूटी) परीक्षा, 2018- अंतिम तिथि को आगे बढ़ाना।

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन(सामान्य ड्यूटी) परीक्षा, 2018 के लिए ऑनलाइन आवेदनों को दिनांक 17.08.2018 से आयोग द्वारा प्राप्त किया जा रहा है । आयोग ने अपनी नई वेबसाइट पर इस अनुप्रयोग(Application) को स्थापित किया है और आरम्भ के कुछ दिनों के दौरान इसमें कुछ शुरूआती कठिनाइयां अनुभव की गई थी, जिसमें यह देखा गया था कि आयोग की नई वेबसाइट धीमी चल रही थी, जिसके परिणाम स्वरूप कुछ अभ्यर्थियों ने अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रस्तुत करने में हो रही असुविधा की सूचना दी थी। अत: कुछ अभ्यर्थियों द्वारा सामना की गई कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों के समग्र हित में उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को भरने की अंतिम तिथि को **17.09.2018 से बढ़ाकर 30.09.2018(5.00 बजे सांय)** तक करने का निर्णय लिया गया है।

2. उक्त परीक्षा के लिए चालान के माध्यम से किए जाने वाले भुगतान के संबंध में यह सूचित किया जाता है कि ऐसे मामलों में जहां आकांक्षी अभ्यर्थियों द्वारा **30.09.2018** को 5.00 बजे सांय तक चालानों को तैयार कर लिया गया है, वे उक्त चालान का उपयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक की विनिर्दिष्ट शाखाओं में **03.10.2018** तक बैंक के कार्य समय के भीतर भुगतान कर सकते हैं।

3. **अभ्यर्थियों द्वारा यह विशेष रूप से नोट किया जाए कि उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तारीख को 30.09.2018(5.00 बजे सांय) से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।**

4. आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 25.07.2018 को अपलोड की गई परीक्षा की विज्ञप्ति में दी गई अन्य निबंधन और शर्तें यथावत रहेंगी।

अवर सचिव(नी. एवं यो.।)

12.09.2018